हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 3 जनवरी 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

4
कोरवा बाहुल्य जामटोली में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैंड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## भारत स्वर्णिम राष्ट्र के रूप में बनाएगा पहचान: कौशल्या

# आप लोगों का साथ रहा तो क्षेत्र का विकास निश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसाबहार

आप लोगों का साथ रहा तो क्षेत्र का निश्चित रूप से विकास होगा। विकासखंड मुख्यालय में आयोजित भारत संकल्प यात्रा शिविर में यह बातें मुख्य आतिथ्य के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने कही।

पारिवारिक संबंधों का उदाहरण देकर श्रीमती साय ने कहा कि सब मिल कर मोदी जी के संकल्प को पूरा करने में साथ देंगे तो 2047 में भारत एक स्वर्णिम राष्ट्र के रूप पूरे विश्व मे पहचाना जाएगा। पूर्व विधायक भरत साय ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से मोदी जी गारंटी की 17 योजनाओं का लाभ आपके घर तक पहुंचना है। वेदप्रकाश भगत ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ मोदी जी की गारंटी का रथ है। यह रथ मोदी जी के सपनों को पूरा करने का है। मोदी जी ने जो गारंटी दी उसे पूरा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सबसे पहले छत्तीसगढ़ में विगत 5 वर्षों से रुके पीएम आवास योजना के तहत 18 लाख लोगों को आवास दिया।विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली 17 मुख्य योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा आम जनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अनिता भगत ने जो एनआरएलएम ( बिहान समूह ), आशा भगत ने मातृ वंदन योजना, सोहन राम भगत ने केसीसी योजना, विमला लकड़ा ने आयुष्मान योजना से प्राप्त लाभ एवं सफलता की कहानी सुनाई। और उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। ⏭शेष पेज 4 पर





### अरुणा को मिली उज्जवला योजना का लाभ



**फरसाबहार।** विकासखंड मुख्यालय में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत अरुणा भगत को आवेदन देते ही तत्काल गैस कनेक्शन स्वीकृति दी गई। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने उन्हें गैस कनेक्शन प्रदान की। शिविर में ही तत्काल गैस कनेक्शन प्राप्त होने से अरुणा भगत बहुत खुश हुई और कहा कि हमारे क्षेत्र के विधायक विष्णु देव साय के छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री बनते ही दीन दुखी व गरीब लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ तत्काल मिल रहा है।



# मुख्यमंत्री की पहल से दिव्यांगों के चेहरे पर खिली मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर दो दिव्यांगों को नई ट्राई सायकिल मिली है। फरसाबहार ब्लॉक के ग्राम पंचायत डुमरिया निवासी विजय राम (24 वर्ष) और मनबहाल राम (50 वर्ष) को बगिया स्थित सीएम निवास से फोन के माध्यम से सम्पर्क किया।

■ कैलाश राम और विजय चौहान को मिली नई ट्राई सायकिल

विजय ने बताया कि कई साल पहले उन्हें जिला प्रशासन की ओर से ट्राई सायकिल उपलब्ध कराया गया था। अब यह जर्जर हो गया है जिससे उन्हें आने जाने में परेशानी होती है। ट्राई सायकल ना होने से वे कहीं आ जा भी नहीं पा रहे है। इसी प्रकार कैलाश राम ने बताया कि उनके पास ट्राई सायकिल नहीं है। इसके लिए वे पहले कई बार प्रयास कर चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें ट्राई सायकिल नहीं मिल पायी है। दिव्यांगों की समस्या से कलेक्टर डॉ रवि मित्तल को अवगत कराया गया। कलेक्टर डॉ मित्तल ने दोनों दिव्यांगों की सहायता के लिए तत्काल पहल करते हुए समाज कल्याण विभाग के अधिकारियो को, कैलाश राम और विजय चौहान को ट्राई सायकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश के दो घंटे के अंदर समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी, ट्राई सायकिल लेकर दिव्यांगों के घर पहुंच गए। दिव्यांग कैलाश राम और विजय चौहान ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कलेक्टर डॉ रवि मित्तल का आभार जताया है।

## खबर संक्षेप

### विशेष ग्रामसभा आयोजित करने के दिए निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास सूची एवं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान अंतर्गत हितग्राहियों के पात्रता पर परीक्षण के संबंध में विशेष ग्रामसभा आयोजित करने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए पत्र जारी किया है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जनपद पंचायत के अधीनस्त ग्रामों में 03 से 05 जनवरी 2024 तक विशेष ग्रामसभा का आयोजन कर ग्रामसभा में की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। जारी निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लंबित 18 लाख आवास स्वीकृति हेतु प्रथम मंत्रि-परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है।

### जनमन योजना का लाभ दिलाने के दिए निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर क्षेत्र में चलाए जा रहे पीएम जनमन योजना के सर्वे के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के परिवारों को शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ देने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। पीएम जनमन योजना विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से ऐसे समुदायों की बसाहटों में पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसी अन्य गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाए।

### मनोरा में विकाखण्ड स्तरीय समिति की बैठक

**जशपुरनगर।** एसडीएम प्रशांत कुशवाहा की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद पंचायत मनोरा के सभा कक्ष में प्रधानमंत्री जनमन योजना के विकाखण्ड स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर परिवार के लोगों को योजना के तहत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कार्य योजना पर समीक्षा की गई। इस दौरान मनोरा तहसीलदार एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में एसडीएम श्री कुशवाहा ने अधिकारियों को पहाड़ी कोरवा परिवारों के बीच स्वयं जाकर उनके आवश्यकता के अनुरूप सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अंतिम रूप से योजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया।

### कलेक्टर ने ली जनपद सीईओ व कृषि विभाग की बैठक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में जिले के जनपद सीईओ, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग की बैठक ली। उन्होंने केंद्र एवं राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बेहतर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को नियमित क्षेत्र का भ्रमण कर संचालित कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा करने कहा। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गतिविधियां आयोजित करें। प्राथमिकता आधार पर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए फोकस करें।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का पहला निमंत्रण विधायक गोमती साय को



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसाबहार

अयोध्या में श्रीराम की मंदिर में होने वाले प्राणप्रतिष्ठा के पावन पर्व में शामिल होने के लिए अक्षत एवं निमंत्रण पत्र दिया जा रहा है।

विश्व हिन्दू परिषद के विभाग संयोजक रितेश सोनी ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या मे श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है जिसमे विश्व हिन्दू परिषद कासांबेल जिला इकाई के पदाधिकारियों के द्वारा जिले मे अक्षत तथा निमंत्रण पत्रक दे कर लोगो से मंदिर प्राण प्रतिष्ठा मे सम्मिलित होने का आग्रह किया जा रहा है इसी क्रम में पहला निमंत्रण पत्थलगांव विधायक गोमती साय को दिया गया है। कासांबेल जिला इकाई विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों के द्वारा पत्थलगांव विधायक श्रीमति गोमती साय के गृह ग्राम मुंडाडीह पहुच कर 22 जनवरी 2024 को होने वाली श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा मे शामिल होने का प्रथम निमंत्रण दिया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिला इकाई संयोजक पवित्र मोहन बेहरा, जिला इकाई विभाग संयोजक रितेश सोनी, फरसाबहार संयोजक लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, पत्थलगांव संयोजक चुडामणी यादव, जिला उपाध्यक्ष कांसाबेल रिषी बेहरा के द्वारा अक्षत एव आमंत्रण पत्रक देते हुये अयोध्या आने का आग्रह किया।

## कलेक्टर ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने राजस्व के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बंटाकन, सीमांकन, नामांतरण, भू अर्जन के प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा है। अधिकारियों को समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कोर्ट संबंधी प्रकरण समय पर सुनवाई कर निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने आवेदकों से किसी भी प्रकरण के संबंध में जानकारी लेकर उनके साथ बेहतर व्यवहार कर नियमानुसार समस्याओं का निराकरण करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने भारतमाला परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रभावित लोगों के शेष मुआवजा राशि के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक कार्रवाई कर निराकरण करने कहा। उन्होंने आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरण को भी समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने दो साल से राजस्व के लंबित प्रकरणों प्रकरण को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## पेट्रोल पंप में लगी लोगों की भीड़...




**जशपुरनगर।** चक्के रुकने से यातायात व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। यात्री अपने गंताब्य तक पहुंचने के लिए साधन की तलाश में इधर उधर भटकते रहे। दूसरी ओर अपनी दो पहिया व चार पहिया वाहनों में पेट्रोल डलवाने पंपों पर लोगों की भीड़ लगी रही।

### एनएच 43 में दिखी खामोशी

जशपुर से लगा गम्हारिया से होकर एनएच 43 गुजरती है जहां मालवाहक ट्रकों का तांता लगा रहता है। बॉम्बे हावड़ा मुख्य मार्ग गम्हारिया से होकर गुजरता है। इतने चहल पहल वाले रास्ते भी खामोश हो गए है जिसके कारण एन्र्एच के व्यवसाई दुखी नजर आ रहे है।




### अघरिया समाज ने दी विधायक को नववर्ष की बधाई

**पत्थलगांव।** अघरिया समाज ने विधायक श्रीमती गोमती साय से भेंट कर उन्हें नए साल की बधाई दी व शहर की समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्या जल्द दूर करने की मांग की। मंगलवार की सुबह अघरिया समाज ने विधायक श्रीमती गोमती साय से सौजन्य भेंट कर उन्हें नए साल की बधाई दी एवं शहर की समस्याओं से अवगत कराते हुए जल्द समस्या दूर करने की मांग की है। प्रमुख मांग पत्थलगाँव को जिला बनाने की रही,ताकि शहर की विकास को भरपूर गति मिले। साथ ही नगर की सड़कों का चौडीकरण व सिविल हॉस्पिटल की व्यवस्था सुधारने की मांग करते हुए विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना करने की मांग की है। नगर के मुख्य द्वार में प्रवेश करते ही नगर पंचायत द्वारा फेके जा रहे कचरे को अन्यत्र व्यवस्थित करवाने एवं जनता से शासकीय कार्यालयों में होने वाले घूसखोरी एवं दुर्व्यवहार से मुक्त कराने की माँग की गई। सभी बातों को विधायक गोमती साय ने ध्यान से सुना और सभी समस्याओं को जल्द से जल्द ठीक करवाने का आस्वासन दिए हैं।

मुख्य सचिव, डीजीपी एवं सभी कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर, एसपी एवं अन्य अधिकारी रहे मौजूद

# मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से ली बैठक

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विडियो कांफ्रेस के माध्यम से मुख्य सचिव एवं डीजीपी की उपस्थिति में सभी कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर, एसपी सहित अन्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने संसद में पारित नए कानून के हिट एण्ड रन के विरोध में हड़ताल पर जाने वाले वाहन चालकों की जनजीवन पर असर को लेकर चर्चा की गई एवं आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए समस्त अधिकारियों को दिए निर्देश गए। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की किल्लत नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ज़िले में क़ानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में रहे कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने भ्रामक जानकारी न फैलने पाए और जनता तक सही जानकारी पहुंचे इस अधिकारी विशेष ध्यान रखें। साथ ही अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर कार्यवाही किया जाए। उन्होंने कहा पेट्रोल डीजल, खाद्यान, दवाईयॉ, एवं अन्य नागरिक आवश्यकताओं की पूर्ति लगातार होने चाहिए। इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कलेक्टोरट के एनआईसी कक्ष से जिले के कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, एसडीओपी राजेश देवांगन, खाद्य अधिकारी एवं परिवाहन अधिकारी ऑनलाईन के माध्यम से सीधे जुड़े थे। कलेक्टर ने जानकारी देते हुए ⏭शेष पेज 4 पर




## राममय हुई धर्मनगरी कोतबा,भव्य कलशयात्रा के साथ सार्वजनिक श्रीरामकथा का शुभारंभ

# राम नाम अविनाशी, सदा बना रहेगा: वेदांगनी पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धर्मनगरी कोतबा में पहली बार नव वर्ष का आगाज सार्वजनिक श्रीराम कथा के साथ हुवा। पहले दिन नगर भ्रमण कर भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कथा स्थल तिलगोड़ा मैदान में कथा वाचिका पूज्य किशोरी वेदांगनी पाण्डेय वृन्दावन से आकर श्रीराम कथा का वाचन कर रही है । कथा के पहले दिन पूज्य किशोरी जी ने बताया कि राम नाम अविनाशी है। दुनिया इधर से उधर हो जाए, सब कुछ बदल जाए पर यह राम नाम ज्यों का त्यों यूं ही सदा बना रहेगा।

धर्मनगरी कोतबा में पहली बार आयोजित श्रीरामकथा से पहले नगर में भव्य कलशयात्रा निकली गयी।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। वे पारंपरिक परिधान पहनकर सिर में मंगल कलश लेकर कलश यात्रा में सम्मिलित हुई। कलशयात्रा तिलगोड़ा प्रांगण से आरम्भ होकर रायगढिया चौक,हनुमान मंदिर चौक,बस स्टैण्ड से मुख्य मार्ग होते हुए सतिघाट धाम पहुंची जहाँ कलश पूजन कर जल भर कर मुख्य मार्ग से परशुराम चौक राम मंदिर पारा होते हुए वापस कथा स्थल पहुंची । रास्तेभर कलश यात्रा का स्वागत सत्कार हुआ कलशयात्रा की अगवानी संत समाज के भक्तगण रामायण की चौपाई गाते हुए पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ गुणगान करते हुए चल रहे थे। भक्तगण जय श्री राम के (उद्घोष) के नारे लगाते हुए निकले कथा वाचिका पूज्य किशोरी वेदांगनी पाण्डेय ने कलश यात्रा का महत्व बताते हुए कहा कि कलश यात्रा में तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु, महेश और 33 कोटि देवी-देवता कलश में विराजमान होते हैं। कलश यात्रा में सिर पर कलश धारण करने से श्रद्धालु की आत्मा पवित्र होती है।कलश को धारण करने वाले जहां से भी गुज़रते हैं, वहां की धरती स्वयं सिद्ध होती जाती है। नगर के मुख्य मार्ग पर भव्य कलश यात्रा ⏭शेष पेज 4 पर






### राम नाम बड़ा महामन्त्र

कथा व्यास पूज्य किशोरी वेदांगनी पाण्डेय ने कहा कि राम नाम अविनाशी है। दुनिया इधर से उधर हो जाए, सब कुछ बदल जाए पर यह राम नाम ज्यों का त्यों यूं ही सदा बना रहेगा। इस राम नाम की महिमा कभी भी कम नहीं होगी बल्कि दिन-प्रतिदिन इसकी महिमा बढ़ते ही जाएगी। उन्होंने कहा कि राम की महिमा अपरंपार है। प्रभु श्रीराम स्वयं कह गए राम से बड़ा राम का नाम है। जो बात स्वयं राम कह गए वो कैसे गलत हो सकती है। जीवन का आधार ही राम नाम है। हर जगह राम नाम की महिमा का गुणगान है। राम सिर्फ एक नाम नहीं है। राम नाम सबसे बड़ा मंत्र है। राम नाम की महिमा तो ये है की सदाशिव भोले शंकर भी राम नाम जपते रहते हैं। इसी नाम का वो हर प्रहर जाप करते रहते हैं। संसार चल ही राम नाम से रहा है। सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, वायु सभी में जो शक्ति है वह राम नाम में समाहित है। जीवन में राम नाम का बहुत महत्व है। जीवन के हर पल और हर क्षण में राम नाम चलन रहता है। बच्चे के जन्म में श्री राम के अगला का सोहर होता है। विवाह आदि मांगलिक कार्यों के अवसर पर श्री र लेख के गीत गाए जाते हैं। यहां तक कि मनुष्य की अंतिम यात्रा में भी राम नाम का ही घोष किया जाता है। राम सब में बड़े हैं। राम में शिव और शिव में राम विद्यमान हैं। श्री राम को शिव का महामंत्र माना गया है और राम सर्वमुक्त हैं। राम सबकी चेतना का सजीव नाम है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हांगकांग की मशहूर अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन ने की आत्महत्या

**लॉस एंजेलिस।** हांगकांग की मशहूर अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन का निधन हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, उनके निधन की पुष्टि कथित तौर पर पूर्व पति केनेथ लो ने की।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोयला जलाने के बाद बोनी लाई बेहोश हो गई और कुछ देर बाद धुएं के कारण उनकी मौत हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस को उनके



आवास पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। 'यंग एंड डेंजरस 3' एक्ट्रेस ने पहले कथित तौर पर अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाया था, जिसके बाद यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। डॉक्टरों ने इस मामले को आत्महत्या का मामला बताया है। लाई सुक यिन ने अपनी मौत से एक दिन पहले इंस्टाग्राम पर अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाते हुए एक तस्वीर भी साझा की थी। इसमें उनके पति और बच्चे दोनों साथ नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि मौत से दो हफ्ते पहले वह अपने पूर्व पति से मिलने आई थीं और पिछले 20 साल से डिप्रेशन से जूझ रही थीं। 1995 में मिस एशिया प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर उभरने के बाद, लाई सुक-यिन ने वैम्पायर एक्सपर्ट II, यंग एंड डेंजरस 3 और लीगल अफेयर्स में अभिनय किया। उन्होंने 1998 में केनेथ लो से शादी की, जिनसे उनके दो बेटे हुए। 2006 में दोनों अलग हो गए और 2007 में लाई ने कॉस्मेटिक सर्जन एंगस हुई ची-चिंग से शादी कर ली। लाई और एंगस हुई ची-चिंग के दो बेटे हैं।

### टॉलीवुड

## ओटीटी पर धमाल मचाएंगी हॉय नन्ना, 4 जनवरी को होगी स्ट्रीम



**चेन्नई।** साउथ फिल्म हाय नन्ना 7 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। मृणाल और नानी की फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स से भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस कर रही है। खबर के मुताबिक, इस फैमिली ड्रामा ने 21 दिनों में करीब 46 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। खैर, अगर आपने सिनेमाघरों में फिल्म मिस कर दी है तो आप ओटीटी पर भी इसका मजा ले सकते हैं। 'हाय नन्ना' ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस फिल्म को 4 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। इसे हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में ओटीटी पर देख सकते हैं। एक रोमांटिक कहानी होने के अलावा, 'है नन्ना' एक पिता और बेटी के बीच के रिश्ते को भी खूबसूरती से दर्शाती है। विराज (नानी) एक पेशेवर फोटोग्राफर है और अपनी बेटी माही (कियारा) को अकेले ही पालता है। माही यह जानने के लिए बेताब है कि उसकी मां कौन है? लेकिन विराज हमेशा इस सवाल को नजरअंदाज कर देता है। आखिरकार वह यशना (मृणाल ठाकुर) से मिलने के बाद उसे माही की असली मां के बारे में बताता है। इस तेलुगु पारिवारिक ड्रामा में मृणाल ठाकुर और नानी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में मृणाल और नानी के अलावा बाल कलाकार कियारा खन्ना, प्रियदर्शी पुलिकोंडा, अंगद बेदी और विराज अश्विन जैसे कलाकार सहायक भूमिकाओं में नजर आए।

### भोजपुरी

## पैसों की दिक्कत के कारण कभी दूध बचते थे खेसारीलाल



**पटना।** खेसारी लाल यादव भोजपुरी इंडस्ट्री के मशहूर सितारों में से एक हैं। भोजपुरी जगत में उनकी गिनती हाईएस्ट पेड एक्टर्स में होती है। उन्होंने कई बड़े सुपरस्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर किया है लेकिन एक वक्त था जब उनके पास पैसों की काफी दिक्कत थी। दरअसल, एक्टिंग में कदम रखने से पहले वो लिट्टी चोखा बेचा करते थे. इसका खुलासा उन्होंने खुद एक शो पर किया। खेसारी लाल यादव आज भले ही एक चमकते हुए सितारे हैं लेकिन जिंदगी में परेशानियां उन्होंने बहुत झेली हैं। आज के दौर में उनकी गिनती इंडस्ट्री के महंगे सितारों में होती है।एक शो पर उन्होंने खुलासा किया था कि वो बचपन में लिट्टी चोखा बेचा करते थे। खेसारी यादव ने बताया कि जब वो छोटे थे तब भैंस का दूध बेचते थे। इसके साथ ही उन्होंने एक ऐसी बात बताई जो सुनकर सबके होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि दूध में वो दो पाव पानी मिलाते थे, क्योंकि वो दूध के पैसे में से 10 रुपए चुरा लिया करते थे।

## लाइफ स्टाइल

### एथनिक ट्रेडिशनल लुक

शमा सिकंदर अपने स्टाइल से फैंस को इंप्रेस करती रहती हैं। ये कहना गलत नहीं होगा की शमा टीवी की दुनिया की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस में से एक हैं। शमा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस हर दिन अपनी नई-नई तस्वीरों से फैंस को ट्रीट देती रहती हैं। वो कभी अपने बोल्ड लुक से तो कभी ट्रेडिशनल लुक से होश उड़ाती रहती हैं। शमा ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक्स की तस्वीर शेयर की हैं। ट्रेडिशनल लुक में वो सिंपल तो लग रही पर बला की खूबसूरत भी लग रही हैं।



## ऊनी कपड़ों से है एलर्जी, बचने के लिए ये टिप्स करें फॉलो

सर्दियों में अक्सर कई लोगों को शिकायत होती है कि ऊनी कपड़ों से उनकी स्किन पर दाने, रैशेज और खुजली की समस्या हो जाती है। दरअसल कुछ लोगों की स्किन काफी सेंसिटिव होती है तो कभी-कभी ज्यादा ड्राइनेस की वजह से वुलेन से एलर्जी हो सकती है। सर्दियों में ठंड से बचने के लिए स्वेटर और शॉल जरूरी होते हैं, लेकिन कुछ लोगों को वुलेन वाले कपड़े पहनने की वजह से स्किन पर एलर्जी होने लगती है। अक्सर कई लोगों को आपने कहता सुना होगा कि गर्म कपड़े पहनने से उनकी स्किन पर लाल चकते पड़ जाते हैं या महीन दाने निकल आते हैं, जिसकी वजह से



इरिटेशन, खुजली और स्किन पर जलन होने लगती है. ऊनी कपड़े पहनते समय अगर कुछ बातों को ध्यान में रखा जाए तो इस समस्या से बचा जा सकता है।

### स्किन को वुलेन के संपर्क से बचाएं

अगर ऊनी कपड़ों की वजह से रैशेज हो जाते हैं तो सबसे पहले फुल स्लीव की कोई ऐसी टी-शर्ट या टॉप पहनें, जो कॉटन या बहुत ही मुलायम कपड़े का हो। इससे आपकी त्वचा सीधे वुलेन के संपर्क में नहीं आएगी और आपकी स्किन रैशेज से बची रहेगी।

### स्किन को हाइड्रेट रखें

सर्दियों में अपनी स्किन को हाइड्रेट रखें ताकि ड्राइनेस न हो। इसके लिए भरपूर मात्रा में पानी पीने के साथ ही रोजाना रात को जैतून के तेल या फिर कोकोनट ऑयल से हाथ-पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों पर अच्छी तरह से मसाज दें।

## साड़ी में स्टाइलिश दिखने के लिए आजमाएं ये आसान तरीके

हर किसी को अपने शरीर के हिसाब से ही साड़ी का चयन करना चाहिए। आप साड़ी पहनकर महफिल में छा सकती हैं। अगर आपका फिगर पतला है तो कॉटन, फैब्रिक और टसर सिल्क की साड़ियां आप पर बहुत अच्छी लगेंगी। इन्हें पहनकर आप ज्यादा पतली नहीं दिखेंगी। वहीं, अगर आप थोड़ी मोटी हैं तो शिफॉन, क्रेप, जॉर्जेट फैब्रिक की साड़ी पहनें। इससे आप स्लिम दिखेंगी।

**साड़ी खरीदते समय लंबाई का ध्यान रखें :** साड़ी खरीदते समय उसकी लंबाई का विशेष ध्यान रखें। दरअसल, बड़े प्रिंट और चौड़े बॉर्डर वाली साड़ियां लंबाई को छोटी दिखाती हैं। अगर बहुत लंबी महिलाएं इनका इस्तेमाल करें तो उनकी लंबाई कम हो जाएगी। वहीं छोटे कद की महिलाओं को बिना बॉर्डर या पतले बॉर्डर वाली साड़ी पहननी चाहिए, जिससे उनकी हाइट थोड़ी लंबी लगेगी।



## वेस्टर्न हो या एथनिक फुटवियर बनाएंगे स्मार्ट और स्टाइलिश



फैशन


अपने वॉर्डरोब में जूतों का कलेक्शन न सिर्फ महिलाओं को पसंद आता है बल्कि पुरुषों को भी पसंद आता है। लेकिन एक समस्या जो दोनों में देखी जाती है वह है कि हर मौके पर क्या पहना जाए। जितने ज्यादा विकल्प उतना बेहतर। बात करने और सुनने में तो यह अच्छा लगता है, लेकिन असल में यह सिर्फ भ्रम पैदा करता है। आप किस तरह के जूते किस कपड़े के साथ पहन सकते हैं।

**लेदर म्यूल:** टैन, ब्लैक और ब्राउन टोन मशहूर हस्तियों के पसंदीदा शेड हैं और सबसे अच्छा फैशन स्टेटमेंट बनाते हैं। जो पुरुष जूतों पर बहुत अधिक पैसा खर्च नहीं करना चाहते हैं और एक ऐसे विकल्प की तलाश में हैं, जिसे एथनिक से लेकर कैजुअल वियर तक हर चीज के साथ पहना जा सके। खच्चर उनके लिए सर्वोत्तम हैं।

**फ्यूजन लोफर्स:** मुलायम चमड़े से बने लोफर्स लगभग सभी मौसमों में पहनने के लिए सबसे अच्छे होते हैं। मोकासिन जूते बंद जूते हैं और इंडो-वेस्टर्न आउटफिट के साथ बहुत अच्छे लगते हैं। यह आपके सामान्य चमड़े के जूतों की तुलना में एक स्मार्ट विकल्प है। आप इन्हें स्मार्ट सेमी-फॉर्मल या फॉर्मल लुक के साथ पेयर कर सकते हैं। लोफ़र्स विभिन्न डिज़ाइनों और रंगों जैसे मैरून, नीले और मैरून में उपलब्ध हैं।

**स्यूड चाका:** हाल के वर्षों में चाका की लोकप्रियता कई गुना बढ़ गई है। ये गोल, मुलायम और टखने तक





लंबाई वाले होते हैं। इस पर ज्यादा सजावट नहीं है। ये स्नीकर्स का परफेक्ट विकल्प हो सकते हैं और इनका टेक्सचर भी काफी अच्छा होता है। इसे चमड़े या स्पोर्ट्स जैकेट, जींस और पोलो शर्ट के साथ पहनें।

**कोल्हापुरी चप्पल:** पारंपरिक कपड़ों के साथ पहनने के लिए कोल्हापुरी चप्पलें बेस्ट ऑप्शन हैं। चाहे आप कुर्ता या शेरवानी पहनें या फिर धोती के साथ भी इन्हें पहन सकते हैं। आराम के लिहाज से भी ये अच्छे हैं। कई शैलियों और रंगों में भी उपलब्ध है। सबसे अच्छी बात यह है कि इन्हें रोजमर्रा के कपड़ों के साथ और यहां तक कि पार्टियों में भी पहना जा सकता है। वे टिकाऊ होते हैं और वर्षों तक चलते हैं।

## स्किन टोन के हिसाब से चुनें नेल पालिश, खूबसूरती में लगेंगे चार चांद


*अगर लुक में सबकुछ परफेक्ट हो, लेकिन नेल पेंट सही न लगे, तो पूरी अपीयरेंस पर इसका असर पड़ता है। लेकिन मेकअप के साथ ही अगर नेल पॉलिश भी आप स्किन टोन के हिसाब से चुनेंगीं, तो ये आपकी खूबसूरती में चार-चांद लगा देगा।*

### फेयर स्किन के लिए

अगर आपका रंग गोरा है और आपको लगता है कि आप पर तो सभी कुछ फबेगा, तो ऐसा बिलकुल नहीं है। फेयर कलर वाली लेडीज को सॉफ्ट बेरी और ब्लू अंडरटोन के साथ वाइन रेड, डस्टी रोज, पारदर्शी, शाइनी पिंक जैसे कलर अपने नेल्स पर कैरी करने चाहिए। इसमें आपके हाथ बेहद क्लासिक लगेंगे।

### गेहुंए रंग के लिए

अगर आपकी स्किन गेहुंए रंग की है, तो गहरे या रोजी पिंक, प्लम, बेरीज या डीप



ब्राउन रेड कलर बढ़िया आपके नाखुनों के लिए बढ़िया रहेगा। आपकी स्किन टोन पर स्काई ब्लू कलर काफी खूबसूरत लगेगा। इसके अलावा कॉफी या चॉकलेट से मिलते हुए कलर भी काफी खूबसूरत दिखेंगे।

### सांवली रंगत के लिए


आपकी स्किन डार्क है, तो ब्राउन का कोई भी शेड आप पर अच्छा लगेगा। शीयर, शिमर लाइट ब्राउन से कॉफी टोन तक सब अच्छे लगेंगे। आप इनमें से कोई कलर अपने नेल्स के लिए चुन सकते हैं।

### इस बात का भी रखें ख्याल

ज्यादा पीलापन लिए ब्राउन नेलपेंट या येलो अंडरटोन न लगाएं वरना लगेगा कि आप सिगरेट ज्यादा पीती हैं। डार्क रेड सुंदर लगते हैं लेकिन अगर आपकी स्किन पीलापन लिए है, तो रेड में ब्लू अंडरटोन चुनें।

## अगर ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो डाइट में शामिल करें नट्स और सीड्स

महिलाएं हो या पुरुष ज्यादातर लोग चाहते हैं कि उनकी स्किन ग्लोइंग बनी रहे। चमकता चेहरा आपको भीड़ से अलग कर देता है। चेहरे को चमकाने के लिए ज्यादातर महिलाएं मेकअप तो कुछ नेचुरल टिप्स को अपनाती हैं। इनसे चेहरे पर चमक तो आती है, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से चेहरे की रंगत उड़ जाती है। ऐसे में अगर आप ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो डाइट में कुछ फूड्स को शामिल कर लें। ये फूड्स लगाने की जगह खाने से ही आपकी त्वचा खिल उठेगी।



### नट्स और सीड्स पोषक तत्वों का खजाना

नट्स और सीड्स पोषक तत्वों का खजाना माने जाते हैं। इन्हें आप किसी भी समय कच्चा या फिर पानी में भिगोकर खा सकते हैं। आप चाहे तो इन्हें हल्वा से लेकर दलिया या फ्रूट सलाद के साथ भी खा सकते हैं। इन्हें खाने से सेहत अंदर से बूस्ट होती है। इम्यूनिटी स्ट्रोंग होती है। साथ ही नट्स और सीड्स में मिलने वाले पोषक तत्व स्किन को भी हेल्दी बनाएं रखते हैं। इससे स्किन की समस्याएं खत्म होती है और ग्लो करती है।

### शकरकंद खाना कर दें शुरू

शकरकंद सेहत के साथ ही स्किन को हेल्दी बनाएं रखने के लिए बेहतरीन फूड है। इसमें बीटा केरोटीन से लेकर विटामिन ए भरपूर मात्रा में मिलता है। यह सर्दियों का सुपरफूड है, जिसे खाने में शामिल करके आपकी स्किन ग्लो करने लगेगी। यह एक ऐसा फूड है,जिसे आप बिना तेल में पकाएं भी खा सकते हैं। यह डायबिटीज मरीजों के लिए मीठे की क्रेविंग को शांत रखता है और ब्लड शुगर लेवल भी नहीं बढ़ने देता।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी सब्जियों में आपकी बॉडी में पावर बूस्ट करने के साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। इन सब्जियों में विटामिन ए से लेकर सी, मिनरल्स और फाइबर मिलते हैं। इससे पाचन शक्ति तो बूस्ट होती ही है। स्किन भी हेल्दी और ग्लोइंग बनी रहती है। अगर आप किसी तरह की स्किन डिजीज से जूझ रहे हैं तो हरी सब्जियों का सेवन कर सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

**पुरानी साड़ियों से अपने वॉर्डरोब में एक नया लुक तैयार कर सकती हैं**

## पुरानी साड़ियों से तैयार करें नया आउटफिट

जब किसी शादी या पार्टी में जाना होता है तो लड़कियों के सामने सबसे पहली समस्या यह आती है कि उनके पास पार्टी में जाने के लिए कपड़े नहीं होते हैं। वे हर प्रदर्शन के लिए कुछ नया चाहती हैं। इसलिए, पहले खरीदे गए सभी कपड़े कोठरी में रहते हैं और उपयोग में नहीं आते हैं, जिसमें पुरानी साड़ियों के लिए एक अलग गोदाम होता है। अगर आपका भी कुछ ऐसा ही हाल है तो आप पुरानी साड़ियों से अपने वॉर्डरोब में एक नया लुक तैयार कर सकती हैं जो पहनने पर बिल्कुल खूबसूरत और नई लगेंगी। आइए जानें...

### अनारकली सूट

*आप अपनी किसी भी पुरानी साड़ी से अनारकली सूट बना सकती हैं, इससे आपकी पुरानी साड़ी भी लग जाएगी और नया आउटफिट भी तैयार हो जाएगा। बस इस बात का ध्यान रखें कि साड़ी थोड़ी भारी होनी चाहिए ताकि सूट थोड़ा गोलाकार और सुंदर दिखे।*

### स्कॉटिश स्कर्ट

*अगर आपके घर में आपकी मां या दादी की कोई पुरानी और खूबसूरत साड़ी है तो आप उससे भी लहंगा बना सकती हैं। बस इसके लिए आपको शिफॉन या बनारसी साड़ी में से किसी एक का चयन करना होगा क्योंकि किसी अन्य फैब्रिक से बना लहंगा अच्छा नहीं लगेगा।*



**शरारा** *आजकल हर लड़की शरारा ट्रेंड को फॉलो कर रही है। अगर आपके पास बहुत वर्क वाली साड़ी है तो आप उस साड़ी से शरारा बना सकती हैं। जिसे आप किसी भी क्रॉप टॉप या कुर्ती के साथ पहन सकती हैं।*

### लहंगा

यह ड्रेस आजकल काफी ट्रेंड में है और बाजार से खरीदने पर काफी महंगी भी है लेकिन आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप इसे पुरानी साड़ी के साथ भी बना सकती हैं। एक बार पूरा हो जाने पर यह बहुत सुंदर होगा। अगर आपके पास सिंपल साड़ी है तो आप उस साड़ी से रोजाना पहनने के लिए सिंपल कुर्ती बना सकती हैं। जो इस्तेमाल में नया और खूबसूरत लगेगा। कुर्ती के अलावा आप शॉर्ट कुर्ती, टॉप आदि भी बनवा सकती हैं।



# हिरानी अब 'मुन्नाभाई 3' की स्क्रिप्ट पर कर रहे काम...

**मुंबई।** राजकुमार हिरानी इन दिनों अपनी फिल्म 'डंकी' के लिए चर्चा में हैं। उनकी सफल फ्रैंचाइजी 'मुन्नाभाई' के तीसरे भाग का भी दर्शकों को इंतजार है। खबर आई थी कि तीसरे भाग का नाम 'मुन्नाभाई चले अमेरिका' होगा। अब हिरानी ने खुद 'मुन्नाभाई 3' को लेकर जानकारी दी कि वह भी यह फिल्म बनाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, मैं भी यह फिल्म बनाना चाहता हूं। मैं लंबे समय से स्क्रिप्ट को लेकर जूझ रहा हूं। मेरे पास 'मुन्नाभाई 3' के कई अधूरी स्क्रिप्ट हैं। संजू भी मुझे फोन करते रहते हैं और कहते हैं कि यह फिल्म बनाइए। उन्होंने कहा मैं और संजू किसी दिन यह फिल्म जरूर बनाएंगे।

## लाइफStyle

# सनी
## अब नाम नहीं, काम को देंगी तवज्जो

सनी लियोनी अब तक कई फिल्मों में दिख चुकी हैं। पिछले कुछ समय से वह निर्देशक अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी को लेकर चर्चा में रहीं, जो दुनियाभर के मशहूर फिल्म महोत्सवों में शामिल हुईं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सनी पिछले कुछ समय से अभिनेता जैकी श्रॉफ के साथ 'कोटेशन गैंग' नाम की एक फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। एक इंटरव्यू में सनी बोलीं, अब स्टार बनना मेरी प्राथमिकता नहीं रही। स्टारडम का लालच खत्म हो गया है और अब मैं अच्छे किरदार और कंटेंट पर ध्यान दे रही हूं। मैं किसी भी फिल्म की स्टार नहीं बनना चाहती।

उन्होंने कहा, मुझे फिल्म की लीड हीरोइन होने का ठप्पा खुद पर नहीं लगाना, बल्कि इसकी बजाय मैं फिल्म का वो हिस्सा बनना पसंद करूंगी, जिसके कुछ मायने हों और मकसद हो। अब उम्र मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा, वो 10-15 साल पहले की बात थी, जब लोग कहते थे कि अब उसकी उम्र हो गई है और उसे काम नहीं करना चाहिए या काम नहीं मिलेगा। जिन्हें पहले लगता था कि उनके दिल लद गए हैं, अब वो भी पर्दे पर दमदार वापसी कर रहे हैं। सनी के मुताबिक, 'कोटेशन गैंग' को भी उनकी फिल्म नहीं कहा जा सकता। हालांकि, इसमें उनकी भूमिका उनके लिए खास जरूर है। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसमें सनी गैंगस्टर बनी हैं। यह गुंडों के एक ऐसे गिरोह की कहानी है, जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों हैं।



## हॉलीवुड मसाला



## बाफ्टा जीत चुके अभिनेता
# नहीं रहे

**लॉस एंजिलस।** ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। विल्किंसन ने कुल मिलाकर 130 से अधिक फिल्म में काम किया है। उनके बेहतरीन काम के लिए उन्हें साल 2001 में पारिवारिक ड्रामा 'इन द बेडरूम' में उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार मिला था। वहीं 2007 में जॉर्ज क्लूनी अभिनीत फिल्म 'माइकल क्लेटन' में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता की श्रेणी में नामांकन मिला था। वहीं 2008 की मिनी-सीरीज जॉन एडम्स में अमेरिकी राजनीतिक व्यक्ति बेंजामिन फ्रैंकलिन की भूमिका निभाने के लिए एमी और द केनेडीज में जॉन एफ कैनेडी के पिता जो की भूमिका के लिए एमी नामांकन भी अर्जित किया।



## परिवार के साथ मनाया क्रिसमस फिर अजीब तरीके से की आत्महत्या

**हांगकांग।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब एक बुरी खबर सामने आई है। हांगकांग की लोकप्रिय अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन की अचानक आई मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया। एक्ट्रेस ने अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाने के एक दिन बाद 26 दिसंबर को आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि 47 वर्षीय एक्ट्रेस को उसके चार बेटों में से एक ने कमरे में बेहोश पाया, जिसके बाद एक्ट्रेस को अस्पताल ले जाया गया। सामने आई कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक्ट्रेस ने अपने कमरे में लकड़ी का कोयला जलाया और उसके धुएं से दम घुटने से उसकी मौत हुई। कहा जा रहा है कि ऐसा उसने अंजाने में नहीं बल्कि आत्महत्या करने के लिए किया। कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यिन ने अपनी जान लेने से पहले अपने पति डॉ. एंगस हुई को भेजे एक संदेश में एक्ट्रेस ने कहा था कि वह अगले जन्म में अपने पति से मिलेंगी।



# जिंदगी बस गुजरता हुआ एक दौर...

**मुंबई।** कंगना रनौत इस साल भी बॉलीवुड की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में शुमार रहीं। इस साल बड़े पर्दे पर उनकी फिल्मों ने ज्यादा कमाल नहीं किया, लेकिन वह लगातार चर्चा में बनी रहीं। बड़ी फिल्मी हस्तियों पर वह लगातार कटाक्ष करती रहीं। इस साल उनकी राजनीति में आने की चर्चा ने भी जोर पकड़ा था। उन्होंने बीते साल से मिली सीख के बारे में बताया। कंगना ने कहा कि जिंदगी बस एक गुजरता हुआ दौर है। हमें यह बात समझनी चाहिए। बता दें कि इस साल कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज होगी। यह फिल्म 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल की घटना पर आधारित होगी। फिल्म में वह इंदिरा के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी जैसे सितारे नजर आएंगे।



# फिल्म 'देवरा' का नया पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवरा' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित फिल्म, देवरा के निर्माताओं ने एक धमाकेदार पोस्टर जारी किया है, जिसमें एनटीआर जूनियर कोतीव्र और उग्र लुक में दिखाया गया है। एनटीआर जूनियर ने पोस्टर शेयर कर लिखा,आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। जनवरी 8 को #देवरा की झलक आप सभी को दिखाने का इंतजार नहीं कर सकता।' कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 5 अप्रैल, 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 17': निर्माताओं ने अनुराग को दिखाया घर से बाहर का रास्ता

**नई दिल्ली।** रियलिटी 'बिग बॉस 17' जैसे-जैसे फिनाले के करीब पहुंच रहा है, वैसे-वैसे दर्शकों का रोमांच बढ़ता जा रहा है। घर के अंदर होने वाले तमाशे के अलावा हर हफ्ते होने वाले एविक्शन पर दर्शकों की खासा नजर रहती है। इस वीकेंड के वार पर घर के 2 प्रतियोगी रिंकू धवन और नील भट्ट शो से बाहर हो गए। अब नए साल के जश्न के बीच निर्माताओं ने अनुराग डोभाल को घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

***घर के सदस्यों ने किया अनुराग को नॉमिनेट :*** रिंकू और नील के बाद अब जिस सदस्य का सफर शो से खत्म हो चुका है, उसका नाम अनुराग डोभाल है। वह शो से बाहर हो गए हैं। इस खबर की जानकारी 'बिग बॉस' के फैन पेज 'बिग बॉस तक' ने दी है। शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें ज्यादातर सदस्य अनुराग को नॉमिनेट करते नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस 17' जियो सिनेमा और कलर्स टीवी पर प्रसारित हो रहा है।

## 'कौन बनेगा करोड़पति में सारा ने की खूब मस्ती

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की चुलबुली एक्ट्रेस सारा अली खान अपनी फिल्मों के अलावा अपने लाइफस्टाइल और मजाकिया अंदाज के लिए मशहूर हैं। वे 'कौन बनेगा करोड़पति 15' में पहुंचीं, तो वहां भी अपने चिर-परिचित अंदाज में दिखीं। उन्होंने शो के होस्ट अमिताभ बच्चन के साथ खूब हंसी-ठिठोली की। 'केदारनाथ' फेम एक्ट्रेस अपनी दादी और दिग्गज एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर के साथ रियलिटी शो के फिनाले एपिसोड में दिखीं। अमिताभ बच्चन ने हॉट सीट पर दोनों का स्वागत किया। सारा अली खान से अमिताभ बच्चन ने कहा, 'मैं आपके 'आत्मविश्वास' से प्रभावित हूं। मुझे उम्मीद है कि आप आज करोड़ों रुपये जीतेंगे और जिस खास उद्देश्य के लिए आप दोनों आज खेलेंगे, यह उसी के लिए दान किया जाएगा। सारा, सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी हैं। उनके दादा-दादी मंसूर अली खान पटौदी और शर्मिला टैगोर हैं। सैफ और अमृता ने 2004 में अलग होने की घोषणा की थी। सैफ ने 2012 में एक्ट्रेस करीना कपूर के साथ दूसरी शादी की थी। उनके दो बेटे तैमूर और जेह हैं। काम की बात करें तो, सारा अली खान के पास 'ऐ वतन मेरे वतन', 'मेट्रो इन दिनों', जगन शक्ति का अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट और 'मर्डर मुबारक' है।



# जॉन ने मुंबई में खरीदा आलीशान बंगला

**मुंबई।** जॉन अब्राहम ने मुंबई के खार में एक आलीशान बंगला खरीदा है। फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक, इस घर की कीमत 71 करोड़ रुपये है। यह संपत्ति लिंकिंग रोड में स्थित है, जो ग्राउंड के साथ दो मंजिल के साथ आता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जॉन ने 27 दिसंबर को यह समझौता किया था। इस संपत्ति का स्वामित्व पहले 81 वर्षीय प्रवीण नाथलाल शाह के पास था, जो वर्तमान में अपने परिवार संग अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहते हैं।





### मुंबई के बांद्रा में भी खरीदा आलीशान अपार्टमेंट

जॉन ने अभी तक इस खरीदारी की खबर की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले उन्होंने मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान अपार्टमेंट खरीदा था। उनका यह घर दो फ्लैटों को एक साथ मिलाकर दो मंजिलों पर डिजाइन किया गया है। इसमें एक निजी छत भी है, जहां से अरब सागर का नजारा दिखता है। जॉन का नाम उन अभिनेताओं में शुमार है, जो एक शानदार बिजनेसमैन भी हैं। उन्हें रियल एस्टेट में समझ रखने वाला माना जाता है।


### ये हैं जॉन की आगामी फिल्में

जॉन के लिए साल 2023 काफी अच्छा रहा। उन्होंने ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पठान' में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ काम किया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 543.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया था तो वहीं दुनियाभर में यह 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने में सफल रही। आने वाले दिनों में शाहरुख 'तेहरान', 'तारिक' और 'वेद' जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

# अक्षय व टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज तारीख आई सामने ...

*मुंबई। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' पिछले लंबे समय से चर्चा में हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में हैं। अब अक्षय ने 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर टाइगर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इसके साथ अक्षय ने प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं।*

***कब रिलीज होगी 'बड़े मियां छोटे मियां'? :*** *अक्षय और टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद 10 अप्रैल, 2024 के खास मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। यह फिल्म 'सुल्तान' और 'भारत' के बाद अली अब्बास जफर की तीसरी ईद रिलीज होगी।*



## 'इंडियन पुलिस फोर्स' में सिद्धार्थ का एक्शन से लबरेज अंदाज देखने को मिला

# 'पंचायत 3' से लेकर 'हीरा मंडी' तक, इस साल आएंगी ये चर्चित वेब सीरीज

*मुंबई। इस साल सिनेमाघरों में कई बेहतरीन फिल्मों की धूम रही तो ओटीटी पर कई शानदार वेब सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया। 2023 में सच्ची घटनाओं पर बनीं वेब सीरीज ने लोगों को बांधकर रखा। अब जब साल गुजरने को है, तो हर क्षेत्र की तरह ही लोग मनोरंजन जगत की ओर भी उम्मीदों से देखकर रहे हैं। इस साल कई वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जो लंबे समय से चर्चा में हैं।*




**'इंडियन पुलिस फोर्स' :** 'इंडियन पुलिस फोर्स' के जरिए रोहित शेट्टी का कॉप यूनिवर्स ओटीटी पर दस्तक देने जा रहा है। यह सिद्धार्थ मल्होत्रा और शिल्पा शेट्टी के करियर की भी पहली सीरीज है। शो में विवेक ओबेरॉय भी नजर आएंगे। 'इंडियन पुलिस फोर्स' 19 जनवरी, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसका टीजर जारी हो चुका है, जिसमें सिद्धार्थ का एक्शन से लबरेज अंदाज देखने को मिला है।




**'पंचायत 3' :** ग्रामीण पृष्ठभूमि पर बनी इस वेब सीरीज के पिछले दोनों भागों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। 'पंचायत 2' में सचिव जी (जितेंद्र कुमार) और पिंकी के बीच बढ़ रही नजदीकियों ने लोगों को खूब आकर्षित किया। अब दर्शक इसके तीसरे भाग में इस प्रेम कहानी को मुकम्मल होते देखना चाहते हैं। हाल ही में अमेजन प्राइम वीडियो ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। 2024 में इसका नया सीजन देखना दिलचस्प होगा।

**'मिर्जापुर 3':** 'मिर्जापुर' ऐसी वेब सीरीज है, जिसने पंकज त्रिपाठी, दिव्येंदु शर्मा, विक्रांत मैसी जैसे सितारों को ओटीटी का स्टार बना दिया। अब 'मिर्जापुर 3' दर्शकों के बीच आने वाली है। शो के पिछले 2 भागों ने कालीन भइया और गुड्डु पंडित जैसे किरदारों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अमेजन प्राइम वीडियो के इस शो की शूटिंग खत्म हो चुकी हैं।







**'आश्रम 4':** 'एनिमल' में अबरार की भूमिका से पहले तक बॉबी देओल 'बाबा निराला' की भूमिका के लिए चर्चा में थे। 'आश्रम 3' के रिलीज होते ही निर्माताओं ने 'आश्रम 4' की घोषणा कर दी थी। प्रकाश झा की यह सीरीज विवादों में भी घिरी थी। इसके पिछले भागों के रोचक प्लॉट ने दर्शकों को बांधकर रखा। 2024 में 'आश्रम 4' का इंतजार है। एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'आश्रम' में इस किरदार में बॉबी ने ओटीटी पर अपनी अलग पैठ बनाई है।

**'हीरा मंडी':** 'हीरा मंडी' के जरिए संजय लीला भंसाली ओटीटी पर कदम रख रहे हैं। इस वेब सीरीज में मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह जून के बाद रिलीज हो सकती है। उनकी फिल्मों की तरह ही यह वेब सीरीज भी भव्य सेट, आकर्षक कॉस्ट्यूम और चमक-दमक से भरपूर होगी।



## खबर संक्षेप

### आक्सीजन कंस्ट्रेशन मशीन का किया दान

**रायगढ।** सर्व समाज के लिए श्री अग्रसेन सेवा संघ की एक और सामाजिक नेक पहल के अंतर्गत ठंड में वरिष्ठ नागरिकों की जरूरत और फिर से आ रहे कोरोना महामारी को देखते हुए श्री अग्रसेन सेवा संघ की पहल से सावित्री राइस मिल के संचालक संतोष कुमार सूर्यकांत द्वारा ऑक्सीजन कंसंट्रेशन मशीन जनसेवार्थ प्रदत संतोष की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला देवी द्वारा समर्पित किया गया है। जिसका संचालन संजीवनी नर्सिंग होम में रायगढ़ में किया जाएगा। यह कार्यक्रम एक जनवरी की शाम चार बजे संजीवनी नर्सिंग होम परिसर में किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों एवं स्टॉफ सदस्यों की विशेष उपस्थिति रही।

### रेलवे ट्रेक पर मिला युवक का शव

**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नहरपाली में 1 जनवरी की सुबह 05 बजे के आसपास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की दुर्घटनाग्रस्त होकर मौत हो गई। मृतक का नाम कमल राठिया पिता धनी राठिया उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी नहरपाली बताया जा रहा है। हादसे के पश्चात पुलिस तत्काल जांच में जुट गई है।

### डिग्री कालेज से रेस्क्यू किया गया विषैला सर्प

**रायगढ़।** रविवार की शाम रायगढ़ के कला एवं विज्ञान महाविद्यालन यानी डिग्री कॉलेज में उस वक्त हडक़ंप मच गया जब कॉलेज स्टाफ की नजर गेट पर पड़ी जहां साढ़े चार फीट लंबा एक नाग सांप फन फैलाए बैठा नजर आया। जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना कॉलेज की प्रिंसिपल को दी गई। सूचना पाकर प्रिंसिपल एनिमल रेस्क्यू टीम रायगढ़ के सदस्य जय नाराणाय खर्रा को इसकी जानकारी देते हुए कॉलेज पहुंची। इधर रेस्क्वर जय नारायण मौके पर पहुंचे और सफलता पूर्वक सांप का रेस्क्यू किया।जब जाकर सभी ने राहत की सांस ली। रेस्कुअर जय नारायण ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज से रेस्क्यू किया गया सांप नांग साँप है जिसकी लंबाई लगभग 4.5 फीटए है। यह सर्प अत्यधिक विषैला होता है क्योंकि इसमें न्यूरोटॉकसीन वेनम होता है, जिसके काटने के बाद ईलाज के अभाव में मौत हो जाती है। अमूमन सांप को अपने आसपास देखते ही लोग घबरा जाते हैं कुछ उन्हें भागने का प्रयास करते हैं तो कुछ उन्हें मारने का जो इंसान और जानवर दोनों के लिए ही उपयुक्त तरीका नहीं है। लिहाजा एनिमल रेस्क्यू टीम जानकारी मिलते ही सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू कर सांपों और इंसानों दोनों के लिए निःस्वर्थ सेवा करती है।



### शिविर में पोलिंग बूथों को व्यवस्थित करने की मांग

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढउमरिया के पोलिंग बुथ में वोटरों की संख्या बराबर बराबर न होने से आ रही परेशानी को लेकर यहां के जनप्रतिनिधियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में उक्ताशय का एक आवेदन प्रस्तुत किया है। जानकारी अनुसार उक्त ग्राम में विधान सभा एवं लोक सभा चुनाव में 4-4 मतदान केन्द्र तथा पंचायत चुनाव में 5 मतदान केन्द्र बनाया जाता है। उक्त केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या किसी में कम तो किसी में अधिक है ऐसे स्थिति में अधिक वोटरों वाले मतदान केन्द्रों में लंबी लाईन लग जाती है और उन्हें 2 से 4 घंटे तक इंतजार करना पडता है।

### हैलो नहीं! जय श्री राम बोलिए : गौतम

**रायगढ़।** श्री राम युगों युगों से प्रत्येक भारतवासी के आदर्श है। उनके आदर्शों को आज के समय में आत्मसात करना युवा पीढ़ी का दायित्व है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गौतम अग्रवाल ने कही है। गौतम अग्रवाल ने आगे कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। हमारे यशस्वी मोदी जी ने देशवासियों को आह्वान किया कि 22 जनवरी को दीपावली उत्सव की तरह मनाएं। मोदी जी के आह्वान को जन जन तक पहुचाने व 22 जनवरी को दीपावली उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर घर संदेश पहुँचाना होगा।

## राइस मिलों और स्पंज आयरन प्लांटों में हो चुकी है जांच

# उद्योग में सेंट्रल जीएसटी का छापा, टैक्स चोरी की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ईडी और इन्कम टैक्स की कार्रवाई के बीच सेंट्रल जीएसटी की टीम भी एक्टिव हो गई है। बताया जा रहा है कि देलारी के अग्रोहा आयरन में डीजीजीआई ने छापेमारी की है। टैक्स चोरी और इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित कार्रवाई को बिल्कुल गोपनीय रखा गया है। बीते साल भर में सेंट्रल जीएसटी और डीजीजीआई ने रायगढ़ की कई फर्मों पर कार्रवाई की है। कार्रवाई को बेहद गोपनीय रखा जाता है।




जानकारी के मुताबिक डीजीजीआई ने देलारी में अग्रोहा आयरन प्लांट में कार्रवाई की है। वहां करीब दो दिनों तक जांच चलती रही। विभाग को टैक्स चोरी और इनपुट टैक्स क्रेडिट के संबंध में कुछ गंभीर अनियमितता की जानकारी मिली थी। बताया जा रहा है कि दो दिनों तक जांच दस्तावेजी प्रमाण जुटाकर फर्म संचालकों को भी तलब किया गया। इसके बाद प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके पहले भी डीजीजीआई ने कई आईटीसी फ्रॉड के मामलों में कार्रवाई की है। इनकी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आ पाती।

मिली जानकारी के मुताबिक टैक्स चोरी और आईटीसी फ्रॉड के मामले में रायगढ़ जिले में कई प्रकरण सामने आ चुके हैं। सेंट्रल जीएसटी ने भी कई राइस मिलों के अलावा कई दूसरे प्लांटों में भी जांच की जा चुकी है। बीते कुछ सालों में सेंट्रल जीएसटी की टैक्स वसूली का आंकड़ा बढ़ा है।

### सड़क दुर्घटना में फाइनेंस कर्मचारी की मौत

**रायगढ।** भारत फाइनेंस कंपनी का एक कर्मचारी युवक मेकाहारा मोड़ में बाईक सहित संदिग्ध हालत में ऐसे गिरा कि असमय उसकी जान ही निकल गई। यह हादसा शहर के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस छानबीन कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूलतरू बिलासपुर जिले के करगीरोड कोटा थानांतर्गत ग्राम कोनचरा निवासी संजू पटेल आत्मज दसकू पटेल 25 वर्ष रायगढ़ के घड़ी चौक के समीप किराए का मकान लेकर अकेले रहते हुए गुजरे 3 साल से भारत फाइनेंस कंपनी में काम करता था। शनिवार रात संजू अपने एक दोस्त को मोटर सायकल से छोडऩे के लिए टीवी टावर की तरफ भी गया था। इसके बाद मेडिकल कॉलेज मोड़ पर वह क्षतिग्रस्त बाईक के साथ गिरा मिला। एम्बुलेंस चालक की नजर घायल संजू पर पड़ते ही वह उसे उठाकर मेकाहारा लेकर गया तो इलाज शुरू होते ही उसकी सांसों की लडिय़ां टूटकर बिखर गई। पुलिस ने प्रकरण को विवेचना में ले लिया है।



## कोरवा बाहुल्य जामटोली में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

■ बच्चों को गर्म कपड़ा वितरण किया गया

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर फरसाबहार विकासखंड के जामटोली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकता के अनुसार दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक शामिल हुए। मुख्यमंत्री की पहल पर नववर्ष के पहले दिन सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंदों को गर्म कपड़ा बांटने के लिए जामटोली पहुंचे थे। जामटोली कोरवा बाहुल्य गांव हैं। ग्रामीणों से मुलाकात और चर्चा के दौरान गांव में चर्म संबंधी रोग की बात सामने आई थी। समाज सेवकों ने इसकी जानकारी बगिया स्थित मुख्यमंत्री निवास को दी थी। सीएम निवास ने कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के सहयोग से चिकित्सा शिविर के आयोजन की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का दायित्व सम्हालने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए प्राथमिकता से पहल की है। उन्होनें एंबुलेंस सेवा में सुधार और प्रदेश के सभी अस्पतालों में जेनरीक दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिए हैं।

## सीसी रोड के ऊपर डामरीकरण कर किया गया सड़क दुरुस्त

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा ग्राम सिरिमकेला एवं ग्राम सिमड़ा बस्ती में सीसी रोड के उपर डामरीकरण कर सड़क को दुरुस्त किया गया है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुलदुला के ग्राम सिरिमकेला निवासी अरविन्द्र प्रसाद साय एवं ग्राम वासियों द्वारा गुणवत्ताहीन सीसी रोड सिरिमकेला एवं सिमड़ को दूरुस्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसे कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग को प्राप्त आवेदन का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश दिए गए थे। इसके परिपालन में विभाग द्वारा ग्राम सिरिमकेला एवं ग्राम सिमड़ा बस्ती अन्तर्गत सीसी रोड के उपर डामरीकरण कर सड़क को दुरुस्त कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण जशपुर के कार्यपालन अभियंता से प्राप्त जानकारी अनुसार पीएमजीएसवाय अन्तर्गत वर्ष 2019-20 में स्वीकृत सड़क टी-02 मकरीबंधा से दुलदुला, लम्बाई 14.80 किमी का कार्य 05 मई 2022 को पूर्ण किया गया है इसी सड़क के अन्तर्गत ग्राम सिरिमकेला एवं सिमड़ा हेबीटेशन पड़ता है। ठेकेदार द्वारा सिरिमकेला एवं सिमड़ा बस्ती में इस स्थानों पर एआरआरडीए के निर्देशनुसार नई प्रौद्योगिकी सेल कंक्रीट किया गया था। जिसकी मोटाई 100 एमएम होती है इस स्थानों पर परिवर्तन हीं होने के कारण निर्माण के दौरान यातायात का आवागमन लगातार चलता रहा, जिससे सेल भरण कंक्रीट की उपरी सतह खुरदुरा हो गया। 21 अगस्त 2023 को सीसी रोड दुरूस्त करने के संबंध में सिरिमकेला के ग्रामीणों एवं आवेदक अरविन्द प्रसाद साय के साथ चर्चा किया गया। उनके द्वारा सुझाव दिया गया कि रिपेयर कार्य कांक्रीट से न कराकर डामर से कराया जाना उचित होगा एवं वर्षा ऋतु के पश्चात इस रिपेयर कार्य को डामर कराए जाने के लिए सभी सहमत हुए।

### बस में रायगढ़ के यात्री का मिला शव

**रायगढ।** अंबिका बस में रायगढ़ के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने का मामला प्रकाश में आया है। टीवी टावर निवासी युवक का शव बस के स्लीपर सीट में था। आशंका है कि सफर के दौरान हार्ट अटैक ने सोए युवक की जान ली है। पीएम के बाद ही सच का खुलासा होगा। प्राप्त जानकारी के अंबिका बस क्रमांक .सीजी 15 एबी 0293 रायगढ़ से अंबिकापुर चलती है। आम दिनों की तरह रायगढ़ से सवारियों को लेकर रविवार को अंबिकापुर पहुंचने पर बस स्टैंड में सभी यात्री उतर गए मगर ऊपर स्लीपर सीट में एक युवक लेटा रहा। पूरी बस खाली होने और नए यात्रियों के चढऩे के बाद भी सोए मुसाफिर के नहीं उठने पर बस एजेंट जब उसके पास पहुंचे तो वह बेसुध मिला। काफी कोशिशों के बावजूद युवक के शरीर मे कोई हरकत नहीं होने पर पुलिस बुलाई गई, तब कहीं जाकर पता चला कि वह लाश थी। मृतक की पहचान रायगढ़ निवासी अभय कुर्रे टीवीटॉवर के तौर पर हुई।

## शराब भट्टी के पास मारपीट में शामिल तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के पूछापारा इंदिरा नगर में रहने वाली सपना कुर्रे उम्र 29 वर्ष द्वारा उसके पति धनेश्वर कुर्रे पर इंदिरा नगर के तीन व्यक्ति संजय यादव, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद अख्तर द्वारा रामपुर शराब भट्टी के पास मारपीट कर कढ़ाई का गर्म तेल उसके पति धनेश्वर कुर्रे पर डाल देने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

घटना को लेकर रिपोर्टकर्ता श्रीमती सपना कुर्रे ने बताया कि कल दोपहर धनेश्वर कुर्रे कोर्ट पेशी में जा रहा हूं कह कर घर से निकला था, थोड़ी देर बाद वार्ड पार्षद ने सपना कुर्रे को फोन कर बताया कि उसके पति धनेश्वर कुर्रे के साथ संजय यादव और उसके साथी रामपुर भट्टी के पास मारपीट किए हैं, धनेश्वर कुर्रे को अस्पताल में भर्ती कराए हैं। तब हॉस्पिटल जाकर अपने पति से मिली उसके पति के पीठ, भुजा, कान व अन्य जगह गर्म तेल से जलने के निशान है। उसके पति से पूछने पर बताया कि रामपुर भट्टी के सामने चकना दुकान वाला संजय यादव, अकरम खान और मोह अख्तर मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट किए और कढ़ाई सहित गर्म तेल को उठाकर ऊपर फेंक दिए थे। थाना कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध धारा 294, 506, 323, 326, 34 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर आरोपी संजय यादव पिता महेश यादव उम्र 40 वर्ष निवासी पूछा पारा इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 11 थाना कोतवाली, मोहम्मद अकरम पिता मोहम्मद अख्तर उम्र 32 साल इंदिरा नगर सिद्धिविनायक रोड अंबेडकर आवास कॉलोनी थाना कोतवाली रायगढ़, मोहम्मद अख्तर पिता अली मोहम्मद उम्र 51 वर्ष निवासी इंदिरा नगर सिद्धिविनायक रोड अंबेडकर आवास कॉलोनी थाना कोतवाली रायगढ़ को तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ बाद न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।




### 45 पाव देशी शराब जब्त, एक महिला गिरफ्तार

अवैध शराब पर कार्यवाही के क्रम में 30 दिसंबर को थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मिडमिडा के डिपा पारा में रहने वाली यशोदा मंहत द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना पर थाना जूटमिल और साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा शराब रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर पुलिस टीम ने आरोपिया के कब्जे से 45 देसी प्लेन मदिरा की जप्ती की गई है। आरोपिया यशोदा मंहत 47 साल के विरुद्ध थाना जूटमिल में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक राममिंकर यादव के नेतृत्व में शराब रेड कार्यवाही में थाना जूटमिल के प्रधान आरक्षक वीरेंद्र भगत, आरक्षक धर्नुजय चंद बेहरा तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक बृजलाल गुर्जर, आरक्षक धनंजय कश्यप, विकास प्रधान, रविंद्र गुप्ता, प्रताप बेहरा और महिला आरक्षक मेनका चौहान शामिल थी।

## गौण खनिज के अवैध खनन पर कार्रवाई, चार वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खनिज विभाग ने रेल लाइन के काम में इस्तेमाल हो रहे मुरुम और मिट्टी के अवैध खनन पर कार्रवाई की है। ठेकेदार के सामने चेन माउंटेन मशीन को जब्त किया गया। ठेकेदार के पास कोई भी वैध कागजात नहीं मिले।

गौण खनिजों के अवैध खनन और परिवहन पर कार्रवाई जारी है। इस बार रेल लाइन के ठेकेदार पर कार्रवाई की गई है। जिस काम के लिए भारतीय रेलवे लाखों रुपए भुगतान कर रही होगी, उसके लिए ठेकेदार ने अवैध रास्ता अपनाया है। रेल लाइन के काम में पहले भी अवैध रूप से मिट्टी और मुरुम डंप करने पर पेनाल्टी हो चुकी है। इसके बावजूद कोतरलिया साइडिंग में पाटने के लिए सियारपाली से मुरुम व मिट्टी खनन किया जा रहा था। खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने खनं 142/16 रकबा 0.809 हे और खनं 141 रकबा 0.287 हे भूमि स्वामी नत्थू पिता बुधुद्ध पर चेन माउंटेन मशीन से अवैध खनन करते पाया। वाहन चालक सरोज कुमार से पूछने पर उसने ठेकेदार ओमकार चंद्रवंशी का नाम बताया।



खनिज विभाग ने ठेकेदार को मौके पर बुलाकर पूछा तो उसने बताया कि वह सुनील लेंध्रा निवासी रायगढ़ का सब कॉन्ट्रेक्टर है। उनको मिले रेलवे ठेके में यह काम शामिल है। ठेकेदार के पास कोई भी वैध दस्तावेज नहीं मिले। कोतरलिया रेलवे साइडिंग में मुरुम और मिट्टी पाटने का काम चल रहा है। खनिज विभाग ने मशीन को जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

## बरमकेला पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को बरमकेला पहुंची जहां केंद्र सरकार की योजनाओं को लोगो तक पहुंचाने एव समझाने के लिए विभिन्न स्टाल लगाए गए थे। जिसमें प्रधान मंत्री उज्वला योजना, आवास योजना, मुद्रा योजना, विभिन्न स्वास्थ योजना एव अन्य विभिन्न प्रकार के स्टाल लगे हुए थे।

इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे बरमकेला नगर पंचायत के अध्यक्ष हेमसागर नायक, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामकुमार नायक, एव मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार सोनवानी उपस्तिथि रहे। इनके साथ ही कार्यक्रम मे बरमकेला बीइओ नरेश चौहान, कन्या शाला के प्रचार्य मोहन पटेल एव अन्य स्टाफ, सेजेस विद्यालय से एम एल प्रधान एव अन्य स्टाफ, भाजपा नेता मनीष नायक, तरुण अग्रवाल, बाबूलाल पटेल अन्य भाजपा नेता एव पार्षद गण यशवंत नायक, धर्मेंद्र वर्मा एव नगर के अन्य प्रमुख नागरिक उपस्तिथि रहे। इस कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले अतिथियों द्वारा दीप प्रजवल्लित कर एव छतीसगढ़ महतारी की एव अटल बिहारी वाजपेयी की छायाचित्र मे माल्यार्पण करके की गयी इसके बाद सनातन संस्कृति के अनुसार कन्या शाला के बच्चियों के द्वारा ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की वंदना की गई। इसके पश्चात कन्या शाला की छात्राओं द्वारा सुआ नृत्य किया गया इसके बाद स्वामी आत्मानंद विद्यालय की ओर से माटी कहे पुकार अभिनय नृत्य किया गया। जिसने वहा उपस्तिथि लोगो का मन मोह लिया ।



## नववर्ष मिलन में शामिल होने पहुंचे पूर्व जनपद सीईओ

**पुसौर।** पुसौर जनपद कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर महेश पटेल रहते हुए लगभग डेढ वर्ष का कार्यकाल 88 पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक, कार्यालयीन स्टाफ, करारोपण अधिकारी सहित शिक्षा विभाग व अन्य विभाग के लोगों के साथ इनका आत्मीय जुडा रहा जिसके कारण इनके स्थानांतरण व प्रोमोशन एडीस्नल सीईओ रायगढ में होने के बाद भी इन्हें ये भुला नहीं पाए हैं इसलिए इनसे मिलने के बहाने नववर्ष मिलन समारोह के बीच इनके साथ गेट टू गेदर करने रेशम केन्द्र शुकुलभठली में एक समारोह आयोजित हुआ जिसमें पुसौर जनपद में रहे पूर्व कार्यपालन अधिकारी निलाराम पटेल जो आज रायगढ में एडीशनल सीईओ है। वहीं इनके साथ खरसिया सीईओ हिमांसु साहू की गौरवपुर्ण उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम को मुर्तरूप देने समूचा सचिव, रोजगार सहायक, कार्यालयीन स्टाफ व अन्य कर्मचारियों ने पुरजोर कोशिश किया इसलिए जनपद के जनप्रतिनिधियों में जनपद अध्यक्ष सुशील भोय, उपाध्यक्ष गोपी चौधरी, नेता प्रतिपक्ष जनपद व भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष गौरांग साव, बीडीसी रामनारायण नंदे समूचे सरपंच व मिडिया से जुडे लोग भी उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आप लोगों का साथ...

लाभार्थियों ने स्वयं बताया कि उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, चिरायु योजना, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमैटिक पेंशन व राशन कार्ड इत्यादि योजनाओं का किस प्रकार लाभ उठाकर अपने जीवन को आसान बनाया है। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। इस यात्रा का मकसद उन वंचित लोगों तक पहुंचाना है जो सरकार की योजनाओं के तहत पात्र हैं। संकल्प यात्रा का उद्देश्य लोगों को केन्द्र सरकार की नीतियों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को मौके पर लाभ देना है। फरसाबहार से विकसित भारत संकल्प यात्रा का कांरवा मेन्डरबहार पहुंचा। जंहा ग्रामीणों को यात्रा का उद्देश्य बताते हुए योजनाओं की समग्र जानकारी दी गई।इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक आर पी साय, बीडीसी राजकुमारी भगत, बीडीसी कमला पटेल, पंडरीपानी भाजपा मंडल अध्यक्ष देवशरण साय, तपकरा भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिलेश्वर सिंह, नंदलाल यादव, प्रियांश भगत, दुर्योधन पटेल, दीपक चौहान, हरिशंकर यादव, देवकुमार पैंकरा, धर्मेंद्र मिश्रा, पन्ना लाल, एस डी एम प्रदीप राठिया, शिविर प्रभारी एसडीओ आरईएस सिद्दिकी, एबीईओ सी आर धुर्व सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने वीडियो...

बताया कि जिले में पेट्रोल डीजल, खाद्यान, दवाईयॉ, नागरिक आपूर्ति एवं आवश्यकताओं की सामग्रियों को सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। जिले के सभी 51 पेट्रोल पम्प में पेट्रोल उपलब्ध है। नए कानून में हिट एण्ड रन केस में संशोधन से दुर्घटना करने वाले प्रभावित होगें। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए उक्त कानून को बनाया गया है। आमजनता एवं वाहन चालक भ्रमित न हो। लापरवाही पूर्वक चलाकर दुर्घटना होने में कमी होगी। कलेक्टर ने जिले वासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है।

### राम नाम अविनाशी...

निकाली गई सिर पर कलश रखे महिलाओं की टोली जब निकली तो नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।कलश यात्रा के साथ ही श्रीराम कथा का शुभारंभ हो गया। कथा व्यास पूज्य किशोरी वेदांगनी पाण्डेय ने भगवान श्रीराम के चरित्र पर प्रकाश डाला सोमवार को प्रथम दिन की कथा में पूज्य किशोरी जी ने बताया जब प्रभु श्रीराम की विशेष कृपा अपने भक्त पर होती है तब हमें रामकथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है। राम कथा सुंदर करतारी, संशय विहग उड़ावन हारी। राम कथा हमारे सभी संशय को दूर करने करने वाली है। भगवान राम का जीवन चरित्र एवं राम कथा हमें जीवन कैसे जिया जाए उसकी प्रेरणा देती है। जब संशय दूर होते है तब हमें संसार के प्रत्येक जीव में भगवान राम का दर्शन होते रहता है। और पूज्य दीदी जी ने बताया कि राम चरितमानस मानस में संतो की वंदना व मूर्खों की वंदना गोस्वामी तुलसीदास जी ने एक बार नही दो दो बार की है। संत व भक्त तो भगवान को एक बार में समझ लेते है। पर मूर्ख एक बार मे नही समझते है। तो तुलसीदास जी ने दो बार वंदना कर के सिखाया है।आगे पूज्य किशोरी जी ने कहा कि रामचरित मानस जीवन को सही दिशा देती है। इससे व्यक्ति की दशा बदल जाती है। रामचरित मानस को जीवन में धारण करने से व्यक्ति के अभिमान का नाश होता है। व्यक्ति को अभिमान रहित होकर भगवान की भक्ति करनी चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि मनुष्य को श्रीरामकथा क्यों सुननी चाहिए इस बारे वर्णन किया। साथ ही मर्यादा पुरुषोत्तम राम के चरित्र को मनुष्य अपने जीवन में अपनाएं उनके आचरण को समझें । मनुष्य की हर चिंता हर समस्या का हल राम कथा सुनने से हो जाता है । चित्रकूट तुलसी जी की जन्मस्थली है जिन्होंने रामचरितमानस की रचना की थी । गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामायण के शुरू में गुरु के चरणों की वंदना की है इसलिए इस जगत में गुरु का स्थान सर्वश्रेष्ठ है । राम कथा सुनकर श्रोता भक्ति में डूबे नजर आए एवं मधुर मधुर संगीत मई राम कथा के भजनों का आनंद लेते रहे ।श्रीराम कथा के संयोजक आचार्य बलराम ब्रजवासी जी महाराज ने बताया कि 1 से 8 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर तीन से शाम छह बजे तक श्रीरामकथा आयोजित है। जिसमे कोतबा नगर सहित सभी सनातनी को सम्मिलित होने का अनुग्रह करते है। आचार्य बलराम ब्रजवासी जी महाराज के पावन सानिध्य में चल रही श्री रामकथा पहले दिन 1 जनवरी को नववर्ष के आगाज के साथ ही धर्मनगरी राममय हो गयी राम भक्ति में सराबोर होकर सैकड़ों भक्त रामनाम रूपी भक्ति सागर में गोते लगा रहे है।यह सार्वजनिक श्रीराम कथा आयोजन समस्त नगरवासियों के सहयोग से सार्वजनिक रूप से आयोजित किया गया है।







